# Directorate of Education
Govt. of NCT of Delhi

# Practice Test Material
## 2015-2016

## Subject : Political Science
## Class : XII

***Under the guidance of :***

**Addl. DE (School/Exam)**

# कार्य प्रपत्र-1
# कक्षा - बारहवीं
# विषय - राजनीति विज्ञान
# अध्याय-1 शीत युद्ध का दौर

**समय अवधि : 50 मिनट**

**अतिलघुत्तरोय प्रश्न**

1. पूर्वी गठबंधन ने सन् .............. में .............. संधि की।
2. तीसरी दुनिया के नाम से किन देशों को जाना जाता है?
3. द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान अमेरिका द्वारा जापान पर फेंके गए परमाणु बमों को क्या नाम दिए गए?

**लघुत्तरीय प्रश्न ( Type-I )**

4. निकिता ख्रुश्चेव ने क्यूबा में मिसाईलें क्यों तैनात की?
5. क्या गुटनिरपेक्षता 'तटस्थता' है?
6. शीतयुद्ध के संदर्भ में 'अपरोध' के तर्क को परिभाषित कीजिए?

**लघुत्तरीय प्रश्न ( Type-II )**

7. शीतयुद्ध के दायरे से आप क्या समझते हैं। क्यूबा मिसाईल संकट को शीत युद्ध का चरमबिंदू क्यों कहा गया?
8. गद्यांश–

''गुटनिरपेक्ष आंदोलन की जड़ में यूगोस्लाविया के जोसेफ ब्रॉज टीटो, भारत के जवाहर लाल नेहरू, मिस्त्र के गमाल अब्दुल नासिर की दोस्त थी। इन तीनों ने सन् 1956 में एक सफल बैठक की। इंडोनेशिया के सुकर्णो और घाना के वामे एनक्रूमा ने इनका जोरदार समर्थन किया। ये पाँच नता गुटनिरपेक्ष आंदोलन के संस्थापक कहलाए।''

उपरोक्त गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

क. गुटनिरपेक्ष आंदोलन के संस्थापक सदस्य देशों के नाम लिखिए।

ख. पहला गुटनिरपेक्ष आंदोलन कब तथा कहाँ हुआ?

ग. गुटनिरपेक्ष आंदोलन की स्थापना किन उद्देश्यों के संदर्भ में की गई?


**दीर्घउत्तरीय प्रश्न**

9. दिए गए मानचित्र का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें तथा नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

क. 'मित्र राष्ट्र' में शामिल दो देश चिह्नित कीजिए।

ख. नाटो में शामिल सदस्य देशों के नाम दर्शाईये। (कोई चार)

ग. चार कम्युनिस्ट देशों के नाम लिखिए।




10. शीत युद्ध के दौरान भारत की अमरीका और सोवियत संघ के प्रति विदेश नीति क्या थीं? क्या आप मानते हैं कि इस नीति न भारत के हितों को आगे बढ़ाया?

## कार्य प्रपत्र-2

## कक्षा - बारहवीं

## विषय - राजनीति विज्ञान

## अध्याय-2 दो ध्रुवीयता का अंत

**समय अवधि : 50 मिनट**


**अतिलघुत्तरीय प्रश्न**

1. बर्लिन की दीवार को कब गिराया गया? यह किस बात का प्रतीक था?
2. रूस के किन दो गणराज्यों में हिंसक अलगाववादी आंदोलन चले?
3. संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद में सोवियत संघ के विघटन के बाद उसकी सीट किसको मिली?

**लघुत्तरीय प्रश्न**

4. सोवियत प्रणाली की कोई दो विशेषताएँ लिखिए?
5. शॉक थेरेपी के इतिहास कोइतिहास की सबसे बड़ी 'गराज सेल' क्यों कहा गया?
6. सोवियत संघ की समाजवादी अर्थव्यवस्था अमेरिका की पूँजीवादी अर्थव्यवस्था से कैसे भिन्न थी? दो बिन्दुओं द्वारा स्पष्ट कीजिए?
7. मिख़ाईल गोर्बाचेव द्वारा अपनाई गई दो सुधार-नीतियों का वर्णन कीजिए?
8. शॉक थेरेपी क्या थी? साम्यवाद से पूँजीवाद की तरफ संक्रमण का ऐसा कौन सा तरीका अपनाया जाता कि उससे बेहतर परिणाम होते?
9. दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न

   नीचे दिए गए मानचित्र का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें तथा नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए?




   क. स्वतंत्रता की घोषणा करने वाला पहला सोवियत गणराज्य का नाम दर्शाइये?

   ख. सोवियत संघ की समाप्ति की घोषणा करने वाले तीन देशों को चिह्नित कीजिए।

   ग. राष्ट्रकुल में शामिल ऐसे दो देश दिखाइये जो गृह-युद्ध की चपेट में हैं?

10. सोवियत संघ के विघटन के लिए कौन-सी परिस्थितियाँ (कारक) उत्तरदायी थीं? स्पष्ट कीजिए।

# कार्य प्रपत्र-3

## कक्षा - बारहवीं

## विषय - राजनीति विज्ञान

## अध्याय-3 समकालीन विश्व में अमरीकी वर्चस्व

**समय अवधि : 50 मिनट**

**अतिलघुत्तरीय प्रश्न**


The New York Times

U.S. ATTACKED

HIJACKED JETS DESTROY TWIN TOWERS AND HIT PENTAGON IN DAY OF TERROR

President Vows to Exact Punishment for 'Evil'

1. चित्र में विश्व के कौन से दृश्य को दिखाया गया है?
2. जल रही इमारत का नाम लिखें?
3. घटना की तारीख भी लिखें। अर्थात् इस घटना को किस नाम से जाना जाता है?

**लघु प्रश्न**

4. 'ऑपरेशन इराकी फ्रीडम' क्या था?
5. ''बैड वैगन'' की नीति से क्या अभिप्राय है?
6. 'हेगेमनी' शब्द से आप क्या समझते हैं?
7. अमरीकी शक्ति के रास्ते में आने वाले अवरोधों का संक्षिप्त विवरण दें।
8. 'अंतर्राष्ट्रीय राजनीति' दरअसल 'सरकार विहीन राजनीति' है - आप इस कथन से सहमत है? कोई दो तर्क दें।
9. अमरीका के ढाँचागत वर्चस्व (ताकत) को परिभाषित करें।
10. वर्चस्व से निपटने हेतु, आप क्या सुझाव देंगे? कोई तीन सुझाव दे तर्क सहित।

# कार्य प्रपत्र-4
## कक्षा - बारहवीं
## विषय - राजनीति विज्ञान
## अध्याय-4 सत्ता के वैकल्पिक केन्द्र

**समय अवधि : 50 मिनट**

**अतिलघुत्तरीय प्रश्न**

1. यूरोपीय संघ के उन दो सदस्यों के नाम लिखें जो यू.एन. की सुरक्षा परिषद् के स्थायी सदस्य हैं?
2. इनमें से किसने खुले द्वार की नीति को अपनाया।

   क. यूरोपीय संघ      ख. चीन


   ग. जापान      घ. अमरीका
3. आसियान का पूरा नाम लिखें।

**लघु प्रश्न**

4. 'आसियान' के पाँच संस्थापक देशों के नाम लिखें (जिन्होंने आसियान की स्थापना की थी)।
5. यूरोपीय झण्डे में कुल कितने सोने के रंग के सितारे हैं? वे किस बात का प्रतीक हैं?
6. मार्शल योजना का अर्थ लिखें?

**दीर्घ प्रश्न**

7. बुनियादी रूप में आसियान का प्रमुख उद्देश्य क्या था?
8. चीनी अर्थव्यवस्था के उत्थान पर संक्षिप्त जानकारी दें।
9. नीचे यूरोपीय संघ के मानचित्र को देखकर नए व पुराने सदस्य राष्ट्रों के नामों की अलग-अलग सूची बनाऐं।




10. यूरोपीय संघ को प्रभावी बनाने वाले कारक कौन-कौन से है? संक्षिप्त विवरण दें।

**कार्य प्रपत्र-5**

**कक्षा - बारहवीं**


**विषय - राजनीति विज्ञान**

**अध्याय-5 समकालीन दक्षिण एशिया**

**समय अवधि : 50 मिनट**

1. दक्षिण एशिया के दो सबसे छोटे देश कौन-से हैं?
2. पाकिस्तान में लोकतंत्र के स्थायी न रह पाने के दो मुख्य कारण क्या है?
3. SAARC का पूर्ण रूप लिखें?
4. भारत और बांग्लादेश के बोच किन दो बातों को लेकर असहमति है?
5. श्रीलंका की राजनीति पर किस समुदाय का दबदबा रहा है और क्यों, स्पष्ट करें?
6. 'नेपाल में त्रिकोणीय संघर्ष' से क्या तात्पर्य हैं?
7. मालदीव के साथ भारत के संबंधों की दिशा में भारत ने किन दो क्षेत्रों में मालदीव की मदद की है?
8. ''दक्षिण एशिया के देश एक साथ मिलकर अपना प्रभाव अंतर्राष्ट्रय मंच पर नहीं जमा पाते'' प्रस्तुत कथन का स्पष्टीकरण करें।
9. क. प्रस्तुत कार्टून में किस दुविधा को दिखाने का प्रयास किया गया है?

   ख. शेर और बाघ किसके सूचक हैं तथा किस और इशारा करते है?




10. भारत और पाकिस्तान के बीच किन मुद्दों को लेकर संघर्ष होते रहते हैं?

# कार्य प्रपत्र-6

## कक्षा - बारहवीं

## विषय - राजनीति विज्ञान

## अध्याय-6 अन्तर्राष्ट्रीय संगठन

**समय अवधि : 50 मिनट**

1. अन्तर्राष्ट्रीय संगठन की आवश्यकता क्यों होती है?
2. संयुक्त राष्ट्र संघ के वर्तमान महासचिव का नाम बताऐं, ये कौन से देश से संबंधित है?
3. UNDP का पूर्ण रूप लिखें।
4. ग्लोबल वार्मिंग के बढ़ने से समुद्रतटीय इलाकों को अधिक खतरा क्यों ह?
5. सुरक्षा परिषद के कोई दो स्थायी सदस्य देशों के नाम बताऐं?
6. पारस्परिक निर्भरता से क्या तात्पर्य है?
7. संयुक्त राष्ट्र संघ अमरीका की ताकत पर अंकुश लगाने में सक्षम क्यों नहीं है, दो कारण बताऐं?
8. संयुक्त राष्ट्र संघ को ज्यादा प्रासंगिक बनाने के लिए क्या कदम उठाए जाने आवश्यक है?
9. क. प्रस्तुत चित्र किस संस्था या संगठन से संबंधित है?

   ख. इस चित्र में किसका मानचित्र है?

   ग. दिए गए चित्र में कौन-सी पत्तियाँ हैं तथा ये क्या संदेश देती है?



10. सुरक्षा परिषद् की स्थायी और अस्थायी सदस्यता के लिए कौन-कौन स मानदंड सुझाए गए हैं?

अथवा

सुरक्षा परिषद् के कार्यों का वर्णन करें?

# कार्य प्रपत्र-7

# कक्षा - बारहवीं

# विषय - राजनीति विज्ञान

# अध्याय-7 समकालीन विश्व में सुरक्षा

**समय अवधि : 50 मिनट**

### अतिलघुत्तरीय प्रश्न-I

1. जैविक हथियार संधि कब की गई?
2. सुरक्षा से क्या अभिप्राय है?
3. अमेरिका व सोवियत संघ के मध्य की गई संधि 'साल्ट' (SALT) का पूर्ण रूप लिखिए।

### अतिलघुत्तरीय प्रश्न-II

4. कोई देश विश्वास की बहाली के लिए किन उपायों को अपनाते हैं?
5. शक्ति संतुलन से क्या तात्पर्य है?
6. पारम्परिक सुरक्षा के अन्तर्गत कोई देश गठबंधन क्यों बनाता है?

### लघुत्तरीय प्रश्न

7. सहयोगमूलक सुरक्षा से क्या तात्पर्य है? इसे सुरक्षा का प्रभावी तरीका क्यों माना जाता है?
8. भारत की सुरक्षा रणनीति के प्रमुख घटक क्या है?
9. नीचे दिए गए अवतरण का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

    ''सिर्फ राज्य ही नहीं व्यक्तियों और समुदायों या कहें कि समूची मानवता को सुरक्षा की जरूरत है। यद्यपि इस बात पर मतभेद है कि ठीक-ठीक ऐसे कौन से खतरे हैं जिनसे व्यक्तियों को बचाया जाना चाहिए। संकीर्ण अर्थों में व्यक्तियों और समुदायों को खून-खराबे से बचाना मानवता की सुरक्षा है, जबकि व्यापक अर्थों में यह 'अभाव से मुक्ति' और 'भय से मुक्ति' है।''

    क. लेखक सुरक्षा की किस अवधारणा को इंगित कर रहा है?

    ख. सुरक्षा से क्या तात्पर्य है?

    ग. मानवता की सुरक्षा के समक्ष क्या खतरे हैं?

### दीर्घत्तरीय प्रश्न

10. सुरक्षा की दृष्टि से खतरों के नए स्रोतों की विवेचना कीजिए।

# कार्य प्रपत्र-8

## कक्षा - बारहवीं

## विषय - राजनीति विज्ञान

## अध्याय-8 पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधन

**समय अवधि : 50 मिनट**

**अतिलघुत्तरीय प्रश्न-I**


1. UNFCCC का पूर्ण रूप लिखिए।
2. भारत ने क्योटो प्रोटोकाल पर कब हस्ताक्षर किए?
3. 'समान परन्तु भिन्न उत्तरदायित्व' का सिद्धान्त किस सम्मेलन में स्वीकार किया गया?

**अतिलघुत्तरीय प्रश्न-II**

4. 'स्वदेशी जाति' शब्द का इस्तेमाल किसके लिये किया जाता है?
5. टिकाऊ विकास किसे कहा जाता है?
6. क्योटो प्रोटोकाल क्या है?

**लघुत्तरीय प्रश्न**

7. वैश्विक संपदा क्या है? इससे सम्बन्धित किन्हीं दो संधियों का उल्लेख कीजिए।
8. भू-राजनीति क्या है? तेल व जल किस प्रकार से महत्वपूर्ण संसाधन हैं?
9. दिए गए चित्र को ध्यानपूर्वक देखिए एवं निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए:




   क. यह चित्र किस वैश्विक समस्या को इंगित कर रहा है?
   ख. यहाँ अंगुलियों को चिमनी और विश्व को एक लाईटर के रूप में दिखाया गया है। ऐसा क्यों?
   ग. इस वैश्विक समस्या के समाधान हेतु आप क्या सुझाव देंगे।

**दीर्घउत्तरीय प्रश्न**

10. पर्यावरणीय मुद्दे पर, भारतीय पक्ष का उल्लेख कीजिए।

## कार्य प्रपत्र-9

## कक्षा - बारहवीं

## विषय - राजनीति विज्ञान

## अध्याय-9 वैश्वीकरण

**समय अवधि : 50 मिनट**

### अतिलघुत्तरीय प्रश्न-I

1. "जनदिन एक ऐसे आदमी को अपनी सेवा प्रदान कर रहा है जिससे बहुत संभव है, वह कभी आमने-सामने की मुलाकात न कर सकें।" इस उदाहरण में क्या दिखाने का प्रयास किया गया है?
2. सांस्कृतिक विभिन्नीकरण से आप क्या समझते हैं?
3. 'वर्ल्ड सोशल फोरम' (WSF) क्या है?

### अतिलघुत्तरीय प्रश्न-II

4. वैश्वीकरण का बुनियादी अर्थ क्या है? स्पष्ट कीजिए।
5. सामाजिक सुरक्षा कवच से क्या अभिप्राय है?
6. भारत में वैश्वीकरण का विरोध किन दो हलकों (राजनीतिक खेमों) से हो रहा है? स्पष्ट कीजिए।

### लघुउत्तरात्मक प्रश्न

7. किन तरीकों के आधार पर आज विश्व में विश्वव्यापी पारस्परिक जुड़ाव सुनिश्चित हुआ है?
8. आर्थिक वैश्वीकरण की प्रक्रियाओं का क्या तर्क है?
9. प्रस्तुत कार्टून देखकर, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:




*वैश्वीकरण के खतरे?*

   क. कल और आज से क्या अभिप्राय है?

   ख. भारत और चीन के लोग विश्व के विकसित देशों के लिए चुनौती क्यों बने हुए हैं?

   ग. वैश्वीकरण के कारण क्या खतरे उभरकर सामने आ रहे हैं?

### दीर्घउत्तरात्मक प्रश्न

10. वैश्वीकरण का राज्य की संप्रभुता की परंपरागत धारणा पर कैसे असर होता है? तीन महत्वपूर्ण पहलुओं को ध्यान में रखते हुए व्याख्या कीजिए।

## कार्य प्रपत्र-10

## कक्षा - बारहवीं

## विषय - राजनीति विज्ञान

## अध्याय-1 राष्ट्र-निर्माण की चुनौतियाँ

**समय अवधि : 50 मिनट**

**अतिलघुत्तरीय प्रश्न-I**

1. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :
   क. ..................... ने द्वि-राष्ट्र के सिद्धांत को बात की थी।
   ख. खान अब्दुल गफ्फार खान की प्रसिद्धि ..................... के उपनाम से थी।
2. भारत के पहले राज्य का नाम लिखिए, जहाँ सार्वभौम व्यस्क मताधिकार के सिद्धांत को अपनाकर चुनाव हुए।
3. भारत का निर्माण बड़ी कठिन परिस्थितियों में क्यों हुआ?

**लघुत्तरात्मक प्रश्न**

4. किस सिद्धांत के आधार पर मुस्लिम लीग ने पाकिस्तान की मांग की? व्याख्या कीजिए।
5. हैदराबाद के शासक को लेकर क्या कहा जाता है? भारत में विलय को लेकर उसकी क्या नीति थी?
6. उचित मिलान कीजिए:

| | नए राज्य | | वर्ष |
|---|---|---|---|
| अ. | मेघालय | क. | 2000 |
| आ. | महाराष्ट्र व गुजरात | ख. | 1963 |
| इ. | नागालैंड | ग. | 1960 |
| ई. | झारखंड | घ | 1972 |

**लघुत्तरात्मक प्रश्न**

7. 'राज्य पुर्नगठन आयोग' का क्या अर्थ है? इसकी प्रमुख सिफारिश क्या थी?
8. स्वतंत्रता, समानता, लोकतंत्र तथा भ्रातृत्व की धारणाओं में से एक को पहचानिए, जिसके पति भारत स्वतंत्रता संगाम के दौरान पूर्णतया प्रतिबद्ध था।
9. निम्नलिखित अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:

   आजादी और बँटवारे के बाद स्थितियाँ बदली। हमारे नेताओं को चिन्ता थी कि अगर भाषा के आधार पर प्रान्त बनाए गए तो इससे अव्यवस्था फैल सकती है तथा देश के टूटने का खतरा पैदा हो सकता है। हमारे नेताओं को यह भी लग रहा था कि भाषावार राज्यों के गठन से दूसरी सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों से ध्यान भटक सकता है, जबकि देश इन चुनौतियों की चपेट में है। केन्द्रीय नेतृत्व ने इस मसले को स्थगित करने का फैसला किया।

   क. आजादी के तत्काल बाद देश के समक्ष प्रमुख चुनौती क्या थी?
   ख. 'केन्द्रीय नेताओं ने भाषावार राज्यों के गठन का मसला स्थगित कर दिया।' इस फैसले का क्या असर हुआ?
   ग. हमारा नेतृत्व भाषा के आधार पर प्रांत बनाए जाने पर क्यों चिन्तित था? क्या उसकी यह चिंता उचित थी?

# कार्य प्रपत्र-11

## कक्षा - बारहवीं

## विषय - राजनीति विज्ञान

## अध्याय-2 एक दल के प्रभुत्व का दौर

**समय अवधि : 50 मिनट**

**अतिलघुत्तरीय प्रश्न-I**

1. 'कांग्रेस प्रणाली' से क्या अभिप्राय है?
2. गुटबंदी से क्या अभिप्राय है?
3. प्रथम आम चुनाव के पश्चात विपक्षी दल के नेता कौन थे?

**लघुत्तात्मक प्रश्न-II**

4. निम्नलिखित का मिलान कीजिए -


| | | | |
|---|---|---|---|
| क. | आचार्य नरेन्द्र देव | अ. | भारतीय जनसंघ |
| ख. | ए.के. गोपालन | आ. | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| ग. | रफो अहमद किदवई | इ. | प्रजा सोशलिस्ट पार्टी |
| घ. | दीनदयाल उपाध्याय | ई. | भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी (मा.) |

5. 1952 का प्रथम आम चुनाव पूरी दुनिया में लोकतंत्र के इतिहास के लिए मील का पत्थर क्यों साबित हुआ?
6. किस तरह से हमारे देश की चुनाव प्रणाली ने कांग्रेस पार्टी की जीत को अलग से बढ़ावा दिया?

**लघुउत्तरात्मक प्रश्न**

7. किस तरह से जनसंघ अपनी विचारधारा और कार्यक्रमों के लिहाज से बाकी दलों से भिन्न है?
8. ''कांग्रेस एक सामाजिक और विचारधारात्मक गठबंधन के रूप में उभरी।'' व्याख्या कीजिए।
9. दिए गए मानचित्र का अध्ययन करके निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:
   - क. किस राजनीतक दल ने इन सभी चुनावों मं सीटों को प्राप्त करने में लगातार वृद्धि की थी?
   - ख. ऐसे दो राज्य जहाँ 1952-67 के दौरान कांग्रेस सत्ता में नहीं थी। वहाँ किन दलों की सरकार थो?

ग. इन तीन चुनावो में किन राजनीतिक दलों ने केवल दो चुनावों में भागीदारी की थी?




## अतिलघुत्तरीय प्रश्न-I

10. स्वतंत्रता के (युद्ध) शुरू के वर्षों में विपक्षी दलों को यद्यपि कहने भर का प्रतिनिधित्व मिल पाया फिर भी इन दलों ने हमारी शासन–व्यवस्था के लोकतांत्रिक चरित्र को बनाए रखने में किस प्रकार निर्णायक भूमिका निभाई?

# कार्य प्रपत्र-12

## कक्षा - बारहवीं

## विषय - राजनीति विज्ञान

## अध्याय-3 नियोजित विकास की राजनीति

**समय अवधि : 50 मिनट**

**अतिलघुप्रश्न**

1. ''पोस्को प्लांट : उड़ीसा के ग्रामीण विरोध पर उतारू'' - उड़ीसा में यह परिस्थिति क्यों बनी?
2. पंचवर्षीय योजना का मुख्य उद्देश्य क्या था?
3. शुरूआती विकास के दौर में योजना आयोग ने कौन-सा विकल्प चुना?

**लघु प्रश्न**

4. हरित क्रांति से आप क्या समझते हैं?
5. नियोजित विकास की राजनीति का क्या अर्थ है?
6. 'बॉम्बे प्लान' किसे कहा गया?

**दीर्घ प्रश्न**

7. निजी क्षेत्र व सार्वजनिक क्षेत्र को स्पष्ट करते हुए, एक-एक उदाहरण दें।
8. 'भूमि सुधार' कार्यक्रम क तहत कौन-कौन से कदम सरकार द्वारा उठाए गऐ?
9. भारत ने विकास के किस मॉडल को अपनाया? इसके पीछे सरकार की क्या सोच रही होगी?
10. दूसरी पंचवर्षीय योजना के दौरान औद्योगिक विकास बनाम कृषि विकास का विवाद चला था। इस विवाद में क्या-क्या तर्क दिए गए?

# कार्य प्रपत्र-13
## कक्षा - बारहवीं
## विषय - राजनीति विज्ञान
## अध्याय-4 भारत के विदेश संबंध

**समय अवधि : 50 मिनट**

**अतिलघुत्तरीय प्रश्न-I**

1. किस अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में गुटनिरपेक्ष आन्दोलन की नींव पड़ी?
2. ताशकंद-समझौता कब व किसके मध्य हुआ?
3. भारत ने प्रथम परमाणु परीक्षण कब किया?

**अतिलघुत्तरीय प्रश्न-II**

4. पंचशील सिद्धान्त की घोषणा किसने व कब की?
5. 'दलाई लामा' कौन हैं?
6. गुटनिरपेक्ष आन्दोलन का पहला सम्मेलन कब और कहाँ हुआ?

**लघुउत्तरीय प्रश्न**

7. भारत-चीन युद्ध (1962) ने भारत के विपक्षी राजनीतिक दल - भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी - को किस प्रकार प्रभावित किया?
8. भारत-चीन युद्ध (1962) के पश्चात् भारत ने पूर्वोत्तर राज्यों में क्या बदलाव किए?
9. दिए गए अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए एवं निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

   भारत ने अपने सीमित संसाधनों के साथ नियोजित विकास की शुरूआत की थी। पड़ोसी देशों के साथ संघर्ष के कारण पंचवर्षीय योजना पटरी से उतर गई। 1962 के बाद भारत को अपने सीमित संसाधन खास तौर से रक्षा क्षेत्र में लगाने पड़े। भारत को अपने सैन्य ढाँचे का आधुनिकीकरण करना पड़ा। 1962 में रक्षा-उत्पादन विभाग और 1965 में रक्षा आपूर्ति विभाग की स्थापना हुई।

   क. नियोजित विकास से क्या तात्पर्य है?

   ख. 1962 में किस पड़ोसी देश के आक्रमण का सामना भारत को करना पड़ा?

   ग. 1962 के बाद भारत ने सैन्य ढाँचे को आधुनिकीकृत करने के लिए क्या प्रयास किए?

**दीर्घउत्तरीय प्रश्नोत्तर**

10. भारत की परमाणु नीति का उल्लेख कीजिए।

# कार्य प्रपत्र-14

## कक्षा - बारहवीं

## विषय - राजनीति विज्ञान

## अध्याय-5 कांग्रेस प्रणाली : चुनौतियाँ और पुनर्स्थापना

**समय अवधि : 50 मिनट**

**अतिलघुत्तरीय प्रश्न-I**

1. 'सिंडिकेट' के नाम से किसे जाना गया?
2. 1969 के राष्ट्रपति चुनाव मं कांग्रेस पार्टी ने राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में किसे खड़ा किया?
3. इंदिरा गांधी द्वारा 'गरीबी हटाओ' का नारा कब दिया गया?

**अतिलघुत्तरीय प्रश्न-II**

4. दल-बदल किसे कहते हैं?
5. गैर-कांग्रेसवाद का नारा किसने व क्यों दिया?
6. 1960 के दशक को खतरनाक दशक क्यों कहा जाता है?

**लघुउत्तरीय प्रश्न**

7. 'जय जवान-जय किसान' का नारा शास्त्री जी ने क्यों दिया?
8. चौथे आम चुनाव (1967) के परिणामों को राजनीतक भूकम्प की संज्ञा क्यों दी गई?
   - क. उपरोक्त काटंन किस घटना से सम्बन्धित है?
   - ख. इस कार्टून में घुटने टेकते व कांग्रेस की स्थिति पर आँसू बहाते किसे दिखाया गया है?
   - ग. इस कार्टून में इंदिरा गांधी को मुक्केबाजी वाला दस्ताना पहने क्यों दिखाया गया है?

**दीर्घउत्तरीय प्रश्न**

10. 1971 के पाँचवे आम चुनाव में इंदिरा गाँधी की शानदार विजय के क्या कारण थे?

# कार्य प्रपत्र-15
# कक्षा - बारहवीं
# विषय - राजनीति विज्ञान
# अध्याय-6 लोकतांत्रिक व्यवस्था का संकट

**समय अवधि : 50 मिनट**

1. पश्चिमी बंगाल मं नक्सलवादी आंदोलन की शुरूआत कब हुई?
2. संपूर्ण क्रांति का आह्वान किसने किया?
3. चारु मजुमदार कौन थे?
4. प्रेस सैंसरशिप से क्या तात्पर्य है?
5. आपातकाल के दौरान संवैधानिक प्रावधानों में दिए गए किन्हीं दो परिवर्तनों का उल्लेख करें?
6. 1977 के चुनावों में पहली बार गैर कांग्रेसी सरकार बनने के क्या कारण थे? कोई दो कारणों का उल्लेख करें?
7. ''जनता पार्टी की सरकार का 18 माह में ही पतन हो गया'' - प्रस्तुत कथन के संदर्भ में दो तर्क दें?
8. सन् 1973 से 1975 के बीच भारतीय राजनीति में राजनीतिक संदर्भ में आए बदलावों का वर्णन करें -

    यदि रेलगाड़ियों का चलना बंद हो जाए तो क्या होगा? एक या दो दिन नहीं, बल्कि हफ्ते भर से ज्यादा समय तक रेलगाड़ियाँ न चलं तो? निश्चित ही बहुत-से लोगों का आना-जाना दूभर हो जाएगा, लेकिन बात यहीं तक सीमित नहीं रहेगी। देश की अर्थव्यवस्था ठप्प हो जाएगी, क्योंकि रेलगाड़ियों के माध्यम से ही देश में एक जगह से दूसरी जगह सामानों की ज्यादातर ढुलाई होती है। क्या आप जानते हैं कि 1974 में ठीक ऐसा ही वाकया पेश आया था? रेलवे कर्मचारियों के संघर्ष से संबंधित राष्ट्रीय समन्वय समिति ने जॉर्ज फर्नान्डिस के नेतृत्व में रेलवे कर्मचारियों की एक राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आह्वान किया। बोनस और सेवा से जुड़ी शर्तों के संबंध में अपनी माँगों को लेकर सरकार पर दबाव बनाने के लिए हड़ताल का यह आह्वान किया गया था। सरकार इन माँगों के खिलाफ थी। ऐसे में भारत के इस सबसे बड़े असंतोष को बढ़ावा मिला। इस हड़ताल से मजदूरों के अधिकार जैसे मसले तो उठे ही, यह सवाल भी उठा कि आवश्यक सेवाओं से ज़ड़े हुए कर्मचारी अपनी माँगों को लेकर हड़ताल कर सकते हैं या नहीं।

    सरकार ने इस हड़ताल को अवैधानिक करार दिया। सरकार ने हड़ताली कर्मचारियों की माँग को मानने से इंकार कर दिया। उसने इसके कई नेताओं को गिरफ्तार किया और रेल लाइनों की सुरक्षा में सेना को तैनात कर दिया। ऐसे में 20 दिन के बाद यह हड़ताल बगैर किसी समझौते के वापस ले ली गई।

    क. प्रस्तुत पैराग्राफ में वर्णित रेल हड़ताल कब की गई और इसका नेतृत्व किसने किया?

    ख. हड़ताल से किस प्रकार के प्रश्न उठे?

    ग. हड़ताल के क्या परिणाम हुए?

10. 1973 में केशवानंद भारती के मुकदमें से पूर्व और बाद में सरकार और न्यायपालिका के मध्य संघर्ष का वर्णन करें?

# कार्य प्रपत्र-16

## कक्षा - बारहवीं

## विषय - राजनीति विज्ञान

## अध्याय-7 नए जन आन्दोलनों का उदय

**समय अवधि : 50 मिनट**

### अतिलघुत्तरीय प्रश्न-I

1. सूचना का अधिकार (RTI) अधिनियम कब लागू हुआ?
2. जाति विरोधी आंदोलन का नेतृत्व किसने किया?
3. 'नेशनल फिशर्वकर्स फोरम' (NFF) क्या है?

### अतिलघुत्तरीय प्रश्न-II

4. बी.के.यू. की प्रमुख दो माँगें क्या थीं?
5. क्या आप ताड़ी-विरोधी आंदोलन को महिला-आंदोलन का दर्जा देंगे? अपने उत्तर क पक्ष में दो तर्क दीजिए।
6. 1970 के दशक में उत्तर-प्रदेश के कुछ भागों में किन कारणों से चिपको आंदोलन का जन्म हुआ?

### लघुउत्तरीय प्रश्न

7. दलित पैंथर्स किसे कहते हैं? इनकी मुख्य माँगें क्या थीं?
8. क्या आंदोलनों और विरोधी कार्रवाइयों से देश का लोकतंत्र मजबूत होता है? अपने उत्तर की पुष्टि में उदाहरण दीजिए?

### दीर्घउत्तरीय प्रश्न

9. नीचे लिखित अवतरण को ध्यानपूर्वक पढें और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

    .....''लगभग सभी नए सामाजिक आंदोलन नई समस्याओं जैसे - पर्यावरण का विनाश, महिलाओं की बदहाली, आदिवासी संस्कृति का नाश और मानवाधिकारों का उल्लंघन .... के समाधान को रेखांकित करते हुए उभरे। इनमें से कोई भी अपने आप में समाज-व्यवस्था के मूलगामी बदलाव के सवाल से नहीं जुड़ा था। इस अर्थ में ये आंदोलन अतीत की क्रांतिकारी विचारधाराओं स एकदम अलग है। लेकिन, ये आंदोलन बड़ी बुरी तरह बिखरे हुए हैं और यही इनकी कमज़ोरी है..... सामाजिक आंदोलनों का एक बड़ा दायरा ऐसी चीजों की चपेट में है कि वह एक ठोस तथा एकजुट आंदोलन का रूप नहीं ले पाता और न ही वंचितों और गरीबों के लिए प्रासंगिक हो पाता है।''

    क. दो जन-आंदोलनों के नाम लिखिए?

    ख. नए सामाजिक आंदोलन और क्रांतिकारी विचारधाराओं में क्या अंतर है?

    ग. लेखक के अनुसार सामाजिक आंदोलनों की सीमाएँ क्या-क्या हैं?

10. जन-आंदोलन से आप क्या समझते हैं? दल आधारित तथा गैर दलोय आंदोलन क्या होते हैं?

## कार्य प्रपत्र-17
## कक्षा - बारहवीं
## विषय - राजनीति विज्ञान
## अध्याय-8 क्षेत्रीय आकांक्षाएँ

**समय अवधि : 50 मिनट**

**अतिलघुत्तरीय प्रश्न-I**

1. क्षेत्रवाद से उभरे किन्हीं दो राजनीतिक दलों के नाम लिखिए।
2. अरूणाचल प्रदेश तथा मिजोरम को किस वर्ष राज्य का दर्जा मिला।
3. जम्मू-कश्मीर में कौन-कौन से राजनीतिक व सामाजिक क्षेत्र शामिल है?

**अतिलघुत्तरीय प्रश्न-II**

4. ऑपरेशन ब्लू स्टार से क्या अभिप्राय है?
5. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 370 में प्रमुख प्रावधान क्या हैं?
6. ''आसू'' क्या था?

**लघुत्तरीय प्रश्न**

7. क्षेत्रवाद क्या है? यह अलगाववाद से कैसे भिन्न है?
8. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

    द्रविड़ आंदोलन भारत के क्षेत्रीय आंदोलनों में सबसे ताकतवर आंदोलन था। भारतीय राजनीति में यह आंदोलन क्षेत्रीयतावादी भावनाओं की सर्वप्रथम और सबसे प्रबल अभिव्यक्ति था। हालांकि आंदोलन के नेतृवर्ग के एक हिस्से की आकांक्षा एक स्वतंत्र द्रविड़ राष्ट्र बनाने की थी, पर आंदोलन ने कभी सशस्त्र संघर्ष की राह नहीं अपनाई। इस आंदोलन में से एक राजनीतिक संगठन-'द्रविड़ कषगम' का सूत्रपात हुआ! यह संगठन ब्राह्मणों के वर्चस्व का विरोध करता था तथा उत्तरी भारत के राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक प्रभुत्व को नकारते हुए क्षेत्रीय गौरव की प्रतिष्ठा पर जोर देता था।

    क. इस आंदोलन का लोकप्रिय नारा क्या था?

    ख. इस आंदोलन से किस क्षेत्रीय राजनीतिक दल का उदय हुआ?

    ग. इस आंदोलन का प्रमुख सिद्धांत क्या था?

    घ. यह आंदोलन केवल तमिलनाडु तक ही सिमटकर क्यों रह गया? स्पष्ट कीजिए।

**दीर्घउत्तरीय प्रश्न**

9. ''क्षेत्रीय आकांक्षाएँ लोकतांत्रिक राजनीति का अभिन्न अंग है'' क्या आप इस कथन से सहमत है? अपने इस कथन की पुष्टि कीजिए।
10. पंजाब समझौते के मुख्य प्रावधान क्या थे? क्या इस समझौते से पंजाब में शांति स्थापना/कायम हो पाई थी?

# कार्य प्रपत्र-18

## कक्षा - बारहवीं

## विषय - राजनीति विज्ञान

## अध्याय-9 भारतीय राजनीति : नए बदलाव

**समय अवधि : 50 मिनट**

### अतिलघुत्तरीय प्रश्न-I

1. 'बहुजन' शब्द क्या इंगित करता है?

2. सन् 1989 में किस परिघटना की समाप्ति हो गई थी?

3. सन् 1980 से 1984 तक भारतीय जनता पार्टी की क्या विचारधारा थी?

### अतिलघुत्तरीय प्रश्न-II

4. सन् 1990 के पश्चात् ऐसे क्या दो कारण थे जिसने 'कांग्रेस प्रणाली' को कमजोर किया?

5. 'साहबानो मामला' क्या था? इसका भारतीय राजनीति में क्या महत्व है?

6. 'दूसरा पिछड़ा वर्ग आयोग' की मुख्य सिफारिशें क्या थी?

### लघुउत्तरात्मक प्रश्न

7. 1989 के बाद की अवधि में भारतीय राजनीति में उभरे मुख्य मुद्दों का उल्लेख कीजिए।


8. ''भारतीय राजनीति में गठबंधन का आधार विचारधारा नहीं होता'' स्पष्ट कीजिए।

9. प्रस्तुत तालिका की सूचनाओं के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

   क. भारतीय जनता पार्टी की स्थापना कब हुई?

   ख. इस अवधि (1984-2004) में भाजपा और कांग्रेस कठिन प्रतिस्पर्धा में लगे हुए थे। 1984 के चुनावों से तुलना करन पर आप इन पार्टियों की चुनावी सफलता में क्या अंतर पाते है?

   ग. वह कौन-से मुद्दे थे जिनके आधार पर भाजपा के जनआधार में 1984 के पश्चात् वृद्धि हुई?




**दीर्घउत्तरात्मक प्रश्न**

10. भारतीय राजनीति में कड़े मुकाबले और बहुत से संघर्षों के बावजूद राजनीतिक दलों के बीच कुछ मुद्दों पर व्यापक सहमति उभरती सी जान पड़ रही है। इस सहमति के तीन बिन्दुओं की व्याख्या कीजिए।